**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 06.03.2025 समय : 1850

**<><><><><><><>**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी।
- इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा – भारत एआई के क्षेत्र में व्यावहारिक और तकनीकी – कानूनी दृष्टिकोण अपना रहा है।
- विकसित भारत युवा संसद के लिए नौ मार्च तक आवेदन–युवाओं के विचारों को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन।
- जहाज़रानी सेवा निदेशालय की ओर से मुख्यभूमि के जहाज के यात्री भाड़े की संशोधित दरें जारी कर दी गई हैं।

**<><><><><><><>**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस महीने की आठ तारीख को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित इस सम्मेलन की थीम है "नारी शक्ति से विकसित भारत"। इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों के अधिकारी, दिल्ली पुलिस, माई भारत स्वयंसेवक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्वयं सहायता समूह की सदस्य सहित विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं भाग लेंगी। इस कार्यक्रम में विश्व बैंक, यूनिसेफ, संयुक्त राष्ट्र महिला, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही "शी बिल्ड्स भारत" हैशटैग के साथ एक सोशल मीडिया अभियान भी आयोजित किया जा रहा है।

**<><><><><><><>**

भारत लंबे समय से सॉफ्टवेयर विकास में वैश्विक नेता रहा है, लेकिन अब, देश हार्डवेयर विनिर्माण में भी तेजी से प्रगति कर रहा है। निर्माणाधीन पांच सेमीकंडक्टर संयंत्रों के साथ, भारत वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स

क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि देश जल्द ही इस साल भारत की पहली मेक इन इंडिया सेमीकंडक्टर चिप को तैयार करने के साथ ही एक बड़ी महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर लेगा। उन्होंने कहा कि सरकार देश के स्वयं के मूलभूत मॉडल के विकास के लिए सुविधा प्रदान कर रही है। इसमें देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए बड़े भाषा मॉडल और समस्या–विशिष्ट एआई समाधान शामिल हैं। यह पहल स्टार्टअप्स, शोधकर्ताओं और शिक्षा जगत को मूलभूत मॉडल सहित एआई एप्लिकेशन विकसित करने में सक्षम बना रही है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सूर्य रथ को श्री विजयपुरम के सचिवालय से सांसद श्री बिष्णु पद रे, मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार, विद्युत सचिव स्मिता आर, और विद्युत विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से रवाना किया गया। यह पहल भारत सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करने और पात्र लाभार्थियों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना तेरह फरवरी, दो हजार चौबीस को शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य घरों की छतों पर सौर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा के माध्यम से मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना है। इसके अंतर्गत दो किलोवाट तक की क्षमता के लिए तैंतीस हजार रुपये प्रति किलोवाट और दो किलोवाट से तीन किलोवाट के बीच की क्षमता के लिए उन्नीस हजार आठ सौ रुपये प्रति किलोवाट की दर से सब्सिडी दी जाएगी। इसके अलावा, यूटी प्रशासन दो किलोवाट तक की क्षमता के लिए पैंतालीस हजार रुपये प्रति किलोवाट और दो से तीन किलोवाट के बीच की क्षमता के लिए सत्ताईस हजार रुपये प्रति किलोवाट की अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान करेगा। पीएम सूर्य घर पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है, और राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से जमानत–मुक्त ऋण विकल्प उपलब्ध है। एक बार रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित हो जाने के बाद, सी एफ ए और यूटी सब्सिडी सीधे उपभोक्ताओं के बैंक खातों में जमा हो जाएगी।

<><><><><><><>

भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव को इस बार विकसित भारत युवा संसद के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस आयोजन का उद्देश्य देश के युवाओं को वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपने विचार प्रस्तुत करने का मंच प्रदान करना है। इस प्रतियोगिता के तहत युवाओं को अपनी सोच और दृष्टिकोण को प्रभावशाली ढंग से व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। अंडमान लॉ कॉलेज में भी विकसित युवाओं की भागीदारी के लिए प्रेस वार्ता का आयोजन किया

गया। तेरह मार्च को टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में अंडमान निकोबार नोडल राउंड के लिए अंतिम चयन किया जाएगा। कॉलेज के विद्यार्थी कौशिक ने प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने देशभर के युवाओं से इस प्रतियोगिता में बढ़—चढ़कर भाग लेने की अपील की है। यह कार्यक्रम न केवल उनके विचारों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का एक सशक्त जरिए बनेगा, बल्कि उन्हें नीति—निर्माण प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का अनुभव भी देगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित राज निवास के समक्ष होने वाले धरना या विरोध प्रदर्शन को देखते हुए दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने नया आदेश जारी किया है। उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता —दो हजार तेईस की धारा एक सौ तिरसठ के तहत, राज निवास, आरजीटी रोड, कामराज रोड और सचिवालय में और उसके आसपास पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगाया है और यह प्रतिबंध अगले आदेश तक लागू रहेगा। यह आदेश कार्यकारी मजिस्ट्रेट, पुलिस कर्मियों और ड्यूटी पर मौजूद अन्य लोक सेवकों पर लागू नहीं होगा। आकस्मिक स्थिति को देखते हुए यह आदेश एकतरफा पारित किया गया है।

<><><><><><><>

जहाज़रानी सेवा निदेशालय की ओर से मुख्यभूमि के जहाज के यात्री भाड़े की संशोधित दरें जारी कर दी गई हैं। श्री विजयपुरम से मुख्यभूमि के लिए एम वी स्वराजद्वीप और एम वी कैम्पबेल बे से यात्रा करने वाले द्वीपवासियों को डीलक्स श्रेणी के लिए सात हजार आठ सौ पचास रूपये चुकाने होंगे, जबकि एम वी सिंधु और एम पी नालंदा से यात्रा करने के लिए द्वीपवासियों को आठ हजार छः सौ पैंतीस रूपये देने होंगे। बंक के लिए एक हजार चार सौ पचपन और एक हजार छः सौ रूपये अदा करने होंगे। अंतरद्वीपीय यात्राओं के लिए भी जहाज भाड़ा की दरों में संशोधन किया गया है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित कार्बाइंस कोव और ब्रिचगंज जंक्शन के बीच आर सी सी कल्वर्ट निर्माण कार्य के कारण पन्द्रह अप्रैल तक सड़क का आधा हिस्सा सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बंद किया गया है। इसके अलावा बीस अप्रैल से तीस मई तक इस क्षेत्र में कार्य के चलते सड़क के आधे हिस्से पर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में दस से चौबीस मार्च तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। इसमें कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सॉमेन सेन और न्यायमूर्ति राजा बसु चौधरी मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड की ओर से जहाज मरम्मत इकाई में नौ पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि पच्चीस मार्च है।

<><><><><><><>